नाम : _____ अनुक्रमांक : _____

PPK

अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2026–27
कक्षा : 11
विषय : इतिहास

समय : 3:00 घण्टा पूर्णांक : 90

नोट– सभी प्रश्न हल करना है। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न $\mathbf{1} \times 10 = 10$

1. वार्का शीर्ष मूर्तिकला का प्रसिद्ध नमूना मेसोपोटामिया के जिस नगर से मिला है, वह है –

(क) उर (ग) अक्कद

(ख) उरुक (घ) इनमें से कोई नहीं

2. ताँबा तथा रोंगा (नामक) धातुओं के मिश्रण से बनने वाली मिश्र धातु है –

(क) स्टील (ग) काँसा

(ख) पीतल (घ) काँच

3. रोमन सम्राट ऑगस्टस को प्रथम नागरिक कहे जाने का उद्देश्य सम्मान प्रदान करना था –

(क) संविधान के प्रति (ग) नागरिकों के प्रति

(ख) सीनेट के प्रति (घ) ये सभी

4. रोम के सम्राट ऑगस्टस का शासन काल जाना जाता था –

(क) शान्ति के लिए (ग) गृह युद्ध के लिए
(ख) युद्धों के लिए (घ) कोई नहीं

5. चंगेज खान का प्रारम्भिक नाम था –

(क) ये-लू-चिन (ग) तेमुजिन
(ख) भूशेर (घ) कुबलाई खान

6. निम्न को चंगेज खान की विधि संहिता का नाम दिया गया –

(क) पास (ग) उलुस
(ख) यासा (ताम) (घ) नासा

7. मध्यकालीन यूरोप की प्रमुख विशेषता है –

(क) सामंतवाद (ग) नगरीकरण
(ख) दास प्रथा (घ) अन्धविश्वास

8. चर्च की सर्वोच्च सत्ता थी –

(क) रोम के पोप के पास (ग) फ्रांस के चर्च के पादरी के पास
(ख) इंग्लैण्ड के सम्राट के पास (घ) कान्स्टेनटाइन के पास

9. आर्थिक संस्था का आधार क्या था –

(क) श्रेणी (ग) मेनुर
(ख) धन (घ) लॉर्ड्स

10. गॉथिक शैली का विकास हुआ –

(क) चीन में (ग) इंग्लैण्ड में

(ख) जापान में (घ) फ्रांस में

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न $\mathbf{2} \times 5 = 10$

11. मेसोपोटामियाई सभ्यता की प्रमुख देन बताइए।
12. जिगुरत क्या होते हैं ?
13. रोमन साम्राज्य का प्रथम सम्राट कौन था ? तथा सॉलिडस नामक सिक्का किसने चलाया था ?
14. सामंतवाद से आप क्या समझते हैं ?
15. मेनुर के अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए।

लगुउत्तरीय प्रश्न **4** $\times 6 = 24$

16. आप यह कैसे कह सकते हैं, कि प्राकृतिक उर्वरता तथा खाद्य उत्पादन के उच्च स्तर ही आरम्भ में शहरीकरण के कारण थे ?
17. रोमन साम्राज्य के तीन प्रमुख खिलाड़ियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
18. सम्राट कान्स्टेनटाइन के कार्यों और उपलब्धियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
19. 'पास' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
20. नाइटहुड से आप क्या समझते हैं ?
21. कैथीड्रल नगर से आप क्या समझते हैं ?
22. मेसोपोटामिया में लेखन कला के विकास पर एक लघु लेख लिखिए।

अथवा

मेसोपोटामिया की विश्व सभ्यता को क्या देन है ?

23. फ्रांस में अभिजात वर्ग के अधिकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

एबी चर्च के भिक्षुओं का जीवन कैसा था ?

24. चंगेज खान का जीवन-वृत्त लिखिए।

अथवा

रोमन साम्राज्य के अन्तर्गत श्रम-प्रबन्धन एवं श्रमिकों पर नियन्त्रण पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

ऐतिहासिक तिथियाँ एवं मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए – **10+2**

(क) 1066
(ख) 1100
(ग) 1315-17
(घ) 1347-50
(ङ) 1338-1461
(च) 1381
(छ) 1492
(ज) 1543
(झ) 312
(ञ) 1206
(ट) 331
(ठ) लगभग 2600 ई.पू.

26. मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न (मानचित्र में स्थानों का अंकन उपयुक्त चिह्नों द्वारा दर्शाइए और नाम भी लिखिए। सही नाम लिखने तथा सही स्थान दर्शाने के लिए अंक हैं)–

(क) मेसोपोटामिया की दो प्रसिद्ध नदियों का नाम लिखकर दर्शाइए। **2+2**

(ख) मेसोपोटामिया के किसी एक प्रसिद्ध शहर का नाम लिखकर दर्शाइए। **1+1**

(ग) मंगोल साम्राज्य के दो प्रसिद्ध शहरों का नाम लिखकर दर्शाइए। **2+2**

आप अपना भी Recent Exam में आया हुआ पेपर Pdf upboard-Hub को भेज कर 10₹ प्रति पेपर प्राप्त कर सकते है